राजनीति विज्ञान विभाग

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

"भारतीय सामजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अनुसंधान समिति में नामित होने पर माननीय कुलपति महोदय का सम्मान समारोह"

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के माननीय कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल को भारतीय सामजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली, के अनुसंधान समिति, में नामित सदस्य घोषित होने पर राजनीति विज्ञान विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान समारोह 30 मार्च 2023 को आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपमा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ ही सर्वप्रथम कुलपति महोदय के भारतीय सामजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली की शोध समिति में नामित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं कुलपति महोदय के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय में निरंतर शोध एवं विकास कार्य सम्पन्न किये जाने के लिए उन्हें साधुवाद प्रदान किया।

कार्यक्रम में पधारे विश्वविद्यालय के माननीय कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में वर्तमान परिदृश्य में शोध की उभरती हुई नवीन प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला साथ ही विद्यार्थियों को राजनीति विज्ञान विषय से सम्बंधित नवीन शोध प्रा विधि एवं उभरती हुई संभावनाओं के बा रे में भी जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित प्रो. नीलाम्वरी दवे, माननीय पूर्व कुलपति, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, गुजरात ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को शोध पर केन्द्रित रहने एवं निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरणा प्रदान की।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. चक्रवाल ने अपने आशीर्वचन में वि भाग को सम्मान के लिए धन्यवाद् प्रदान किया एवं उपस्थित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भारतीय सामजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रकार की शोध परियोजनाओं, छात्रवृत्ति, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, क्षमता निर्माण, सर्वेक्षण, प्रकाशन आदि एवं अनुसन्धान को बढ़ावा देने में प्रदान किये जाने वाले विभिन्न अनुदानों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने अद्बोधन में शोधार्थियों को

विशेष रूप से शोध कार्य में मौलिकता को शोध की आत्मा बताते हुए उसे अनिवार्य बताया तथा आई.सी.एस.एस.आर. द्वारा प्रदत्त शोध परियोजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारियां प्रदान की ।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सांत्वना पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक. राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद संबोधन डॉ. रामबाबू, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की समस्त विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों के साथ ही विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।